प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 जनवरी 2025

## बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – दिसंबर 2024

दिसंबर 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] 27 दिसंबर 2024[3] को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 12.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े (29 दिसंबर 2023) में यह 15.8 प्रतिशत था।

**बैंक ऋण[3] के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण में 27 दिसंबर 2024 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 12.5 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज की गई (पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में 19.4 प्रतिशत)।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में 27 दिसंबर 2024 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 7.4 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में यह 7.5 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, 'खाद्य प्रसंस्करण', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद एवं परमाणु ईंधन', और 'सभी अभियांत्रिकी' को बकाया ऋण में उच्च वृद्धि हुई। तथापि, 'आधारभूत संरचना' खंड में ऋण वृद्धि में कमी आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि 27 दिसंबर 2024 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार घटकर 13.0 प्रतिशत (व-द-व) हो गई (पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में 20.0 प्रतिशत), जो मुख्य रूप से 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)' और 'व्यापार' खंड हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि के कम होने के कारण थी। तथापि, 'कंप्यूटर सॉफ्टवेयर' और 'पेशेवर सेवाओं' की ऋण वृद्धि (व-द-व) में तेजी आई।

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

[3] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।

- वैयक्तिक ऋण खंड हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि 27 दिसंबर 2024 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार घटकर 14.9 प्रतिशत (व-द-व) हो गई, जबकि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में यह 17.6 प्रतिशत थी, जो मुख्यत: 'अन्य वैयक्तिक ऋणों', 'वाहन ऋणों' एवं 'क्रेडिट कार्ड बकाया' की वृद्धि में कमी आने के कारण थी। तथापि, 'आवास' – इस खंड का सबसे बड़ा घटक – में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर तेज वृद्धि हुई।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2053**